जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-31 जयपुर, सोमवार, 17 अगस्त, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

# सुकून सुर रागिनी द्वारा आयोजित SOUND OF MUSIC 2.0 ने बांधा समां, सदाबहार गीतों से सराबोर हुई संगीतमयी शाम

**जयपुर (हमारा वतन)**

सुकून सुर रागिनी द्वारा आयोजित "SOUND OF MUSIC 2.0 का भव्य आयोजन रविवार को RIC Mini Auditorium-1, जयपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने पूरे सभागार को सुरों और तालियों की गूंज से भर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री अहमद हुसैन एवं पद्मश्री मोहम्मद हुसैन रहे। उनके साथ जयपुर शहर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों, कला एवं संस्कृति जगत के गणमान्य अतिथियों तथा संगीत प्रेमियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

सुकून सुर रागिनी की निदेशक नीरा राजवंशी ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं दर्शकों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य संगीत के माध्यम से लोगों को मानसिक सुकून और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करना है।

कार्यक्रम के समन्वयक आयुषी कुलश्रेष्ठ एवं मुकुल कुलश्रेष्ठ ने कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया। कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ, सुसज्जित मंच एवं लाइटिंग तथा अनुशासित आयोजन की जिम्मेदारी उन्होंने बखूबी निभाई। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी कलाकारों, सहयोगियों एवं दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।





कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं आकर्षक मंच संचालन संस्था के प्रबंधक जितेन्द्र नाग ने किया। अपनी सहज, ओजपूर्ण एवं प्रभावी शैली से उन्होंने पूरे कार्यक्रम को एक सूत्र में पिरोए रखा। उनके उत्कृष्ट संचालन ने प्रत्येक प्रस्तुति को दर्शकों से जोड़ते हुए कार्यक्रम को और अधिक जीवंत एवं यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सदाबहार बॉलीवुड गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रमुख प्रस्तुतियों में कहीं दीप जले कहीं दिल, हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे, तुम्हारी नज़र क्यों ख़फ़ा हो गई, बिखरा के जुल्फें चमन में न जाना, अभी न जाओ छोड़कर रात अकेली है एवं रात बाकी, बात बाकी, देखो मैंने देखा है एक सपना, आओ तुम्हें चाँद पर ले जाएँ, आने से उसके आए बहार, जादूगर तेरे नैना, जाने क्या बात है, याद आ रहा है, लाखों हैं निगाह में, कहीं दूर जब दिन ढल जाए, मेरा एक सपना है, मैं न भूलूँगा, कोरा कागज़ था ये मन मेरा, झूमती चली हवा, जाइए आप कहाँ जाएँगे, है अपना दिल तो आवारा सहित अनेक सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। हर प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के आयोजन में संस्था के प्रशासनिक सदस्य कर्नल बी एल माथुर, अनुपमा माथुर और मुकेश मुतरेजा का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। मंच संचालन एवं कार्यक्रम का संपूर्ण संयोजन अत्यंत व्यवस्थित एवं प्रभावशाली रहा, जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, कलाकारों, सहयोगियों, तकनीकी टीम एवं संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त किया गया। पूरे आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि "SOUND OF MUSIC 2.0 केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं, बल्कि सुरों, भावनाओं और आत्मीयता का ऐसा उत्सव है जिसने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति के मन में अविस्मरणीय छाप छोड़ी।



मोहनलाल बुनकर



रामजीलाल वर्मा

## अंबेडकर विकास समिति के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम हाथनोदा स्थित अंबेडकर विकास समिति चौमूं के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के पश्चात सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। चुनाव में मोहनलाल बुनकर अध्यक्ष, नवल किशोर वर्मा उपाध्यक्ष, रामजीलाल वर्मा मंत्री, शंकर लाल वर्मा सहायक मंत्री, गंगाराम वर्मा कोषाध्यक्ष और प्रभु लाल वर्मा, गोपाल लाल वर्मा, ओमप्रकाश नारनोलिया और मोहनलाल बुनकर को सदस्य निर्वाचित किया गया। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद नवगठित कार्यकारिणी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि समिति सामाजिक विकास के कार्यों के साथ-साथ खादी उद्योग को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्र में इसे नए आयाम तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास करेगी।

## स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज़ हुई शॉर्ट फिल्म 'सच्ची आजादी'

**जयपुर (हमारा वतन)।** संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित देशभक्ति से ओतप्रोत शॉर्ट फिल्म 'सच्ची आजादी' स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इंडिया यू ट्यूब चैनल पर प्रातः 8:15 बजे रिलीज़ हुई। इसकी शूटिंग जयपुर जिले के चौमूं कस्बे में की गयी है।

फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि आज के इस आधुनिक युग में देशभक्ति ने दिखावे का रूप ले लिया है, लोग सोशल मीडिया पर सिर्फ़ दिखावे के लिए देशभक्ति से संबंधित पोस्ट करते हैं। लेकिन आज भी ऐसे लोग हैं जिनके सीने में देशभक्ति जिंदा है। इसी देशभक्ति की बदौलत हमारे देश में सच्ची आजादी का पता चलता है। तिरंगा ही हमारे देश का मान और सम्मान है। इस शॉर्ट फिल्म में राजस्थानी सिनेमा के महानायक उग्रसेन तंवर ने मुख्य भूमिका निभाई है। साथ ही मोहन सैनी, पंडित रविंद्र आचार्य, राजकमल डूडी, शेर सिंह कुमावत, सोनू शर्मा, संदीप शर्मा, रजनीश सैनी, मीना, प्रिया, अक्षिता, अंतिमा, विहान, दिव्यांश, यशित आदि ने भी अभिनय का जलवा बिखेरा है। वहीं फिल्म के सह-निदेशक संदीप शर्मा ने बताया कि संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर इंडिया यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई है। इससे पहले भी 'अनमोल जीवन' और अपमान जैसी शॉर्ट फिल्मों को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला है। एडिटिंग रजनीश सैनी की है।




## विराटनगर में कस्टम हायरिंग सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ

**विराटनगर (हमारा वतन)।** विराटनगर में लोवेनमिटावा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र एवं उपकरण उचित एवं किफायती किराये पर उपलब्ध कराकर खेती की लागत कम करना, समय की बचत करना तथा कृषि कार्यों को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाना है। कस्टम हायरिंग सेंटर का उद्घाटन याद राम गुर्जर, कृषि अधिकारी, गिरधारी लाल गुर्जर, कृषि अधिकारी, महेश कुमार राव, सहायक कृषि अधिकारी (सौठाना), वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक, आत्माराम चौधरी, (पापड़ा), नबकिसान (नाबार्ड) से ऋषभ तथा कंपनी की निदेशक रेखा सैनी के संयुक्त तत्वावधान में फीता काटकर किया गया। केंद्र के माध्यम से किसानों को महंगे कृषि यंत्र खरीदने के बजाय आवश्यकता के अनुसार किराये पर लेने की सुविधा मिलेगी। इससे खेती की लागत, श्रम खर्च और समय में कमी आएगी तथा किसान



आधुनिक कृषि तकनीक का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

लोवेनमिटावा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा किसानों को कृषि यंत्र उचित एवं किफायती किराये पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

शुभारंभ कार्यक्रम में पापड़ा एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान भाई, कंपनी के सदस्य, निदेशक मंडल के प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -8104872374.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक सोनी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**देहरादून (हमारा वतन)**

प्रकृति की सेवा में समर्पित वृक्षमित्र शिक्षक डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी के जन्मदिन पर भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेल कर डॉ. सोनी को ग्रिडिंगकार्ड के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी, जिसमें लिखा हैं डियर वृक्षमित्र आपको जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं, ईश्वर करे यह वर्ष आपके जीवन में और अधिक खुशियां और सफलता लेकर आए।



डॉ. सोनी ने प्रधानमंत्री का जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजने हेतु आभार व्यक्त किया। वहीं डॉ. सोनी ने अपने विद्यालय पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज आईडीपीएल वीरभद्र ऋषिकेश में अपर सिविल जज व विधिक सेवा समिति ऋषिकेश की सचिव तान्या मिड्ढा के हाथों अपने विद्यालय परिसर में पूजा अर्चना कर रुद्राक्ष के पौधा का रोपण किया और फाइकास, कटहल, अमलतास, बॉटलब्रास, आंवला, बेहड़ा के पौधों का रोपण किया।

डॉ. सोनी ने अपने जन्मदिन पर अपर सिविल जज तान्या मिड्ढा को रुद्राक्ष का पौधा उपहार में भेंट किया। सिविल जज ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और पूरे विद्यालय परिसर ने भी डॉ.सोनी को जन्मदिन की बधाई दी।

वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा जीवन अनमोल है और यह जीवन प्रकृति देवता ने कुछ उद्देश्य के लिए धरती में भेजा हैं। हमें उस जीवन दाता प्रकृति के प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना चाहिए। उन्हीं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए में पौधारोपण व पौधा उपहार में भेंट करता हूं। मेरा सभी से अपील हैं कि आपभी अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह, अपने पारिवारिक तथा खास यादगार पलो पर एक एक पौधा दोस्त व मित्र बनाकर लगाएं।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह गुलेरिया, नरेंद्र सिंह रावत, सुरेश बलोद,ललित मोहन जोशी, अनूप वशिष्ठ, ऋषिराम उनियाल, सुशील रावत, मनोज गुप्ता, सुशील सैनी, रेखा बिष्ट, आभा भट्ट, माधुरी रावत, सरोज लोचन, रामसिंह, विभा नामदेव, ममता रमोला, मीनाक्षी कपड़वान, अमन साह, अमित तोपाल, आदित्य गैरोला, विवेक नेगी, लक्षित, नरेश नेगी, अर्चना, दामनी, जीया, कंचन राणा, सलोनी आदि उपस्थित रहे ।



# दिया लाइब्रेरी धानोता में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

**धानोता (हमारा वतन)।** धानोता दिया लाइब्रेरी धानोता में 15 अगस्त के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मातृशक्ति छोटी देवी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में दिया लाइब्रेरी के विद्यार्थी नीट में चयनित दीपक कुमावत तथा पशु परिचर भर्ती में चयनित शंकर यादव को सम्मानित कर लाइब्रेरी संचालक मोहन सैनी ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

समारोह में विद्यार्थियों को देशभक्ति, शिक्षा एवं सफलता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के साथ-साथ शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना रहा। इस अवसर पर पटवारी रामावतार शर्मा, भीमाराम कुमावत, मुकेश गढ़वाल, रामजी लाल घटाला सहित दिया लाइब्रेरी के विद्यार्थी ज्योति कुमावत, रौनक, तनु, दिनेश नाथावत, राहुल सैनी, महेंद्र सैनी, कृष्णा भी मौजूद रहे।

# उपखंड स्तर पर सम्मानित हुए नेशनल शूटर अर्नव कुमावत



**जयपुर (हमारा वतन)।** स्वतंत्रता दिवस पर उपखंड स्तरीय आयोजित समारोह में ए.एन. पब्लिक स्कूल के छात्र व इलाइट शूटिंग अकैडमी के शूटर अर्नव कुमावत को उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शहर के बदनपुरा चौक वार्ड नंबर 37 के निवासी अर्नव कुमावत पुत्र डॉ.के एल कुमावत ने मात्र 13 वर्ष की उम्र में निशानेबाजी में अपना परचम लहराते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है।

हाल ही में देहरादून में आयोजित जसपाल राणा शूटिंग चैंपियनशिप (प्री-नेशनल) में ऑल इंडिया रैंकिंग हाल ही में देहरादून में आयोजित जसपाल राणा शूटिंग चैंपियनशिप (प्री-नेशनल) में ऑल इंडिया रैंकिंग (Sub Youth) में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं। अर्नव 69वी जिला स्तरीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। राज्य स्तर पर भी मेडल लगातार जीतते रहे हैं। अर्नव के कुशल खेल प्रतिभा को देखकर सभी हैरतअंगेज है। मात्र दो साल के नियमित अभ्यास के दौरान ही उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वह अपनी सफलता का श्रेय कोच सचिन यादव ,माता -पिता एव नियमित अभ्यास को देते हैं। भविष्य में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना उसकी उपलब्धि होगी।



# बलाई विकास समिति चौमूं ने किया ध्वजारोहण

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहर के मोरीजा रोड़ स्थित बलाई समाज सभा-भवन में बलाई विकास समिति चौमूं द्वारा 80वां स्वतंत्रता दिवस पर सेवानिवृत सीबीईओ बनवारी लाल दायमा के मुख्य आतिथ्य एवं समिति अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता में झंडारोहण किया गया। समिति महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि समिति द्वारा सर्वसम्मति से विशाल प्रतिभा सम्मान समारोह 1 नवंबर 2026 को करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से फूलचंद सिंघल को शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान समिति कोषाध्यक्ष नानगराम लूणीवाल, उपकोषाध्यक्ष गोपाल चंद सोगण, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र कुमार घसिया, पंसस राधेश्याम खारडिया, उपमहासचिव हनुमान सहाय झाटीवाल, गोपीराम महरडा, प्रहलाद राय जाटावत, गुलाब नाथ बुढगाया, मुकेश कुमार कालाया, सूर्य प्रकाश वर्मा, फूलचन्द सिंघल, रामस्वरूप गोठवाल, कैलाश चंद लाखीवाल, मूलचन्द राय आदि मौजूद रहे।

# खाटू श्याम को मानते हैं तो इस जगह का रहस्य भी जान लें

हारे का सहारा कहे जाने वाले बाबा खाटूश्याम की महिमा कौन नहीं जानता है। राजस्थान के सीकर में खाटू श्याम जी मंदिर है। हर साल यहां हजारों, लाखों की संख्या में भक्त बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। अगर आप भी खाटूश्याम बाबान को मानते हैं, तो आपको और इसे राज्य के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक माना जाता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, खाटू श्याम जी घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक का अवतार हैं। गर आप खाटूश्याम को मानते हैं, तो आपने उस पेड़ के बारे में सुना होगा कहानी महाभारत काल से जुड़ी है। महाभारत काल में पांडव पुत्र भीम के पुत्र घटोत्कच का विवाह दैत्य पुत्री कामकंटकटा के साथ हुआ था। इनकी एक संतान हुई जिसका नाम बर्बरीक था। बर्बरीक ने अपनी मां से महाभारत का युद्ध देखने की इच्छा जताई। उनकी मां ने उन्हें आज्ञा दी, जब बर्बरीक ने पूछा वो किसका साथ दे, तो उनकी मां ने कहा जो हार रहा हो वो उसके साथ रहें। बर्बरीक को भगवान शिव और विजया माता का आशीर्वाद प्राप्त था कि उन्हें कोई हरा नहीं सकता था। ऐसे में जब भगवान कृष्ण को यह जानकारी मिली तो वे चिंतित हो गए कि बर्बरीक अगर हार रहे कौरवों के साथ हो गए तो उन्हें हराना मुश्किल होगा। ऐसे में उन्होंने बर्बरीक से अपना चमत्कार दिखाने को कहा। बर्बरीक ने एक तीर से पेड़ के सभी पत्तों में छेद कर दिया, लेकिन भगवान कृष्ण ने एक पत्ता अपने पैर के नीचे छुपा लिया। इस पर बर्बरीक ने कहा कि उन्होंने तीर को सिर्फ पत्तों पर छेद करने का आदेश दिया था। जिसके समस्त पत्तों में सिर्फ एक बाण से बर्बरीक ने छेद कर दिए थे। इस पीपल के पेड़ के पत्तों में आज भी छेद दिख जाते हैं। यह पेड़ है पानीपत के चुलकाना धाम में। खाटूश्याम को मानने वाले आज भी इस पीपल के पेड़ की मनोकामना पूरी करने के लिए उसकी परिक्रमा करते हैं और मन्नत का धागा बाधते हैं। माना जाता है कि यहां पर मन्नत का धागा बांधने से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती हैं। इसलिए इस पेड़ के दर्शन के लिए लोग यहां दूर-दूर से आते हैं।



**आगे क्या हुआ**-बर्बरीक का चमत्कार देखकर श्री कृष्ण ने ब्राह्मण का रुप धरकर उसके पास गए और बोले जो मैं मागूंगा क्या तुम वह दोगे। श्री कृष्ण ने शीश का दान मांगा। बर्बरीक ने कहा कि मैं शीश दान दूंगा। तब श्रीकृष्ण अपने वास्तविक रूप में प्रकट हुए। बर्बरीक ने नमन कर एक ही वार में शीश को धड़ से अलग कर श्री कृष्ण को दान कर दिया। श्री कृष्ण ने शीश को अपने हाथ में लेकर अमृत से सींचकर अमर करते हुए एक टीले पर रखवा दिया।

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. इसरो, पद ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप, पद संख्या 410, अंतिम तिथि 28 अगस्त 2026
2. राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, पद जूनियर इंजीनियर/जूनियर अकाउंटेंट, पद संख्या 2005 अंतिम तिथि 25 अगस्त 2026
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद फिजियोथैरेपिस्ट, पद संख्या 20, अंतिम तिथि 21 अगस्त 2026
4. एलएसजी डिपार्मेंट राजस्थान, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 24752, अंतिम तिथि 28 सितंबर 2026
5. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 3993, अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026
6. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एसोसिएट क्लर्क, पद संख्या 9124, अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026
7. जीआईएमएस नोएडा, पद स्टाफ नर्स, पद संख्या 100, अंतिम तिथि 7 सितंबर 2026
8. रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 734, अंतिम तिथि 5 सितंबर 2026



# चौमूँ माली समाज सभा भवन में हुआ झंडारोहण

**चौमूं (हमारा वतन)**

हर वर्ष की भांति इस बार भी रींगस रोड, बस स्टैंड स्थित माली समाज सभा भवन में झंडारोहण का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने अपने कर कमलों से झंडारोहण किया । समूह राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी गई।

समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि यह आजादी स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन का बलिदान देने के बाद मिली है । इसको संजोकर रखना हम सभी का कर्तव्य है । वहीं नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है और सभी समाज बंधुओं को एक होकर समाज के प्रत्याशियों के लिए जी तोड़ मेहनत करनी है ।

झंडारोहण के दौरान निवर्तमान सभापति विष्णु कुमार सैनी, माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल पांच्या, माली समाज भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जय नारायण चंदेल,रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, घीसा लाल सैनी, सूरजमल ठेकेदार, पूर्व अध्यक्ष गोविंद नारायण सैनी, रामचंद्र फड्या, दिनेश तिगरिया, सुरेश तंवर, अभिषेक सैनी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सायर सिंह तंवर, गणेश नारायण बेनाडिया, राधेश्याम माली, नानूराम सैनी, शंकर लाल अधोपिया, एडवोकेट कुमार गौरव, मदन मालेरिया, दीपक तंवर, कैलाश चांदोलिया, महेंद्र जमालपुरिया, छीतर मल बबेरवाल, डॉ. मान प्रकाश सैनी, हरिनारायण सैनी, राकेश जमालपुरिया, श्रवण सैनी, अर्जुन लाल सिंगोदिया, हनुमान सहाय सिंगोदिया, बीएल सैनी, संतोष डीजल्स, राजकुमार कांकरवाल सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।



# राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. पूर्वा गुप्ता के घर पहुंची रिपब्लिक आफ सूरीनाम की राजदूत

**जयपुर (हमारा वतन)।** गुलाबी नगर जयपुर के आमेर स्थित हाथी गांव में विश्व हाथी दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया । इस हाथी दिवस की मुख्य अतिथि साउथ अमेरिका के रिपब्लिक ऑफ सूरीनाम की राजदूत हर एक्सीलेंसी हनीशा जयराम रही । वहीं जीटीटीसीआई के फाउंडर प्रेसिडेंट डॉक्टर गौरव गुप्ता, सदस्य पवन कंसल और विश्व मानव अधिकार संरक्षण आयोग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर पूर्वा गुप्ता ने भी इस समारोह में शिरकत की ।

समारोह के समापन के पश्चात हर एक्सीलेंसी हनीशा जयराम और डॉक्टर गौरव गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. पूर्वा गुप्ता के घर पधारे । डॉक्टर पूर्वा गुप्ता ने राजस्थानी संस्कृति के अनुसार माला- साफा और दुपट्टा पहनाकर सभी अतिथियों का सम्मान किया । सभी अतिथियों ने सम्मान की भूरि - भूरि प्रशंसा की ।

# आज कल (कविता)

आजकल सब बदला बदला सा लगता है जीवन में
हर व्यक्ति में छाई है निराशा
नशा और घृणा भरी है जीवन में ।
आजकल बदला बदला सा लगता है
जीवन में हर व्यक्ति का अपना ही
दुश्मन बन बैठा है जीवन में ।
आजकल सब बदला बदला सा लगता है जीवन में
पल भर में ही बना लेते हैं लोग अपने जीवन का दुश्मन
जिसे वह जानते भी नहीं, उन्हें क्या पता
राम और रावण में कौन महान था जीवन में।
आजकल सब बदला बदला सा लगता है
अरे दुश्मनी भी करो तो रावण की तरह करो
जो अपने ही यजमान को विजयी भव का
आशीर्वाद दे रहा था जो उसका दुश्मन था
पर वहां पर धर्म सर्वोपरी था ऐसी थी दुश्मनी जीवन में।
आजकल सब बदला बदला सा लगता है
प्रेम करो तो राधा की तरह करो
नाराजगी में रुक्मणी ने गर्म दूध पिला दिया था
लेकिन फपोले राधा के गले में हुए थे ऐसा था प्रेम जीवन में।
आजकल सब बदला बदला सा लगता है जीवन में
कोई भी कार्य घृणा नहीं प्रेम से होगा
मिटा दो अपनी नफरत को, तार दो जीवन में।
आजकल बदला बदला सा लगता है जीवन में।




आरके गुर्जर, चौमूं,जयपुर

# अभी बाकी है (कविता)

दिल में धड़कन अभी बाकी है,
रगों में हलचल अभी बाकी है।
अभी तो दिन निकला है शहर में,
रात का पहर अभी बाकी है।
चले हैं कदम दो कदम अभी तक,
मुसिबतों का दरिया अभी बाकी है।
चरागों को दिन में मत जला,
अभी रात का अंधेरा बाकी है।
दिन के उजालों में मत सोना वेणु,
कयामत को आना अभी बाकी है।
थोड़ी सी दूर में थक गये हो,
मंजिल का सफर अभी बाकी है।



विनोद शर्मा वेणु, सीकर

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

> क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
> कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# बुज़ुर्ग मां-बाप को बोझ न समझें युवा

बच्चों को अपने प्रति संवेदनहीन बनाने में मां-बाप का भी कुछ कसूर है। सोचें कि यदि आप अपने बच्चों को बोझ की तरह पालेंगे तो बच्चों से क्या उम्मीद करते हैं कि वे आपकी सेवा करेंगे? कदापि नहीं। संस्कार और प्यार तो दूर की बात है, स्त्री और पुरुष जब दोनों घर से बाहर धन कमाने को जाते हैं, तो उनके बच्चे पीछे कैसी कैसी यातनाएं सहते हैं, ऐसी परिस्थितियों का उनके मस्तिष्क में अपने माता-पिता के प्रति कड़वाहट उत्पन्न करना स्वाभाविक है। क्या यह सच नहीं है? क्या हमारे बच्चे समझते हैं कि कल हम भी बुजुर्ग होंगे और इसी दौर से गुजरेंगे। क्या हम सहमत हैं कि जो बच्चे अपने बुजुर्ग मां-बाप के नहीं हो सकते हैं, तो किसी के भी नहीं हो सकते। बुजुर्गों, खास तौर पर मां-बाप के प्रति संवेदनहीनता की एक घटना सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है और लोग इसे बच्चों और मां-बाप के रिश्तों में आती कड़वाहट और आधुनिक समाज की संवेदनहीनता के उदाहरण के रूप में देख रहे हैं। यह मामला हरियाणा के सोनीपत में स्थित एक वृद्धाश्रम से जुड़ा है जहां शिवचरण गुप्ता नाम के एक बुजुर्ग की मृत्यु के बाद उनकी बेटियों ने आने के बजाय 5100 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर वीडियो कॉल पर अंतिम संस्कार देखने को कहा। कारोबार में करोड़ो के घाटे के बाद, शिवचरण गुप्ता करीब डेढ़ साल से अपनी पत्नी के साथ सोनीपत के एक वृद्धाश्रम में रह रहे थे। बुजुर्ग की तीन बेटियां हैं। पिता के निधन के बाद जब वृद्धाश्रम संचालकों ने उनसे संपर्क किया, तो वे अंतिम विदाई के लिए खुद नहीं आईं। इस असंवेदनशील व्यवहार से आहत होकर वृद्धाश्रम प्रबंधन ने बेटियों द्वारा भेजे गए 5100 रुपए को वापस लौटा दिया और खुद अपने खर्च पर बुजुर्ग का सम्मानजनक अंतिम संस्कार संपन्न कराया। आखिर समाज में ऐसा क्यों हो रहा है? यह एक कड़वा सामाजिक सच है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कुछ लोग वृद्ध माता-पिता को बोझ मानने लगे हैं, लेकिन नैतिक, मानवीय और सांस्कृतिक रूप से यह पूरी तरह गलत है। आज की युवा पीढ़ी पर अपने बच्चों और करियर का इतना दबाव होता है कि वे बुजुर्गों को समय नहीं दे पाते। कई बार बच्चों में नैतिक मूल्यों और बड़ों के प्रति आदर की कमी हो जाती है। मां-बाप ने बिना किसी स्वार्थ के हमें चलना, बोलना और जीना सिखाया है। जब माता-पिता को सबसे ज्यादा प्यार और सहारे की जरूरत होती है, तब उनका साथ देना हर संतान का पहला धर्म होना चाहिए। माता-पिता बोझ नहीं, बल्कि घर की छांव और अनुभव की पूंजी होते हैं। जब बच्चे अपने माता-पिता को बोझ समझने लगते हैं, तो यह उस रिश्ते की पवित्रता पर एक गहरा आघात है। बढ़ता एकल परिवार, महिलाओं द्वारा धन अर्जन में प्रत्यक्ष भागीदारी, अच्छे संस्कारों का अभाव, बुजुर्गों द्वारा अपने जीवनकाल में अपने स्वास्थ से अधिक दूसरे कार्यों को महत्व देना, बुजुर्गों द्वारा अपने यौवनकाल में अपने बुजुर्गों की खुशी से समुचित देखभाल न करना, भौतिक उपलब्धियों को ही एकमात्र जीवन में सफलता समझना, दोहरे मापदंड, हर क्षेत्र में सफलता पाने के लिए अत्यधिक प्रतियोगिता होना, असंतुष्ट मानव स्वभाव हमारी संस्कृति पर आघात है। आज के बच्चे तर्क देते हुए कहते हैं कि घर चलाने के लिए धन कमाने के काम में लंबा समय व्यतीत करने के बाद इतनी ऊर्जा नहीं रहती कि घर की दूसरी जिम्मेदारियों को भी खुशी से पूरा किया जाए। माता-पिता हर मुश्किल के बीच अपनी संतान को बहुत प्यार से पालते हैं, जबकि आज की संतान ऐसा खुशी से नहीं कर पाती। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि 21वीं सदी में सामाजिक रिश्ते काफी दबाव से गुजर रहे हैं। लेकिन निराशाजनक बात यह है कि माता-पिता और बच्चे का पवित्र रिश्ता उथल-पुथल का शिकार हो गया है और आज कई बच्चे अपने बूढ़े माता-पिता को बोझ समझते हैं।


राम गोपाल सैनी

# चौमूं उप डाकघर के कर्मचारियों ने निकाली भव्य तिरंगा रैली

**जयपुर (हमारा वतन)**

देशभर में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत चौमूं उपडाकघर की ओर से एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जयपुर देहात डाकघर के अधीक्षक शैलेंद्र कुमार के निर्देशन तथा डाक निरीक्षक चंद्र ज्योति नंदलाल यादव के कुशल नेतृत्व में निकाली गई।

रैली का शुभारंभ उपडाकघर परिसर से हुआ, जिसमें पोस्टमास्टर लल्लू राम मीणा, सिद्धान्त चोपड़ा, प्रशान्त सैनी सहित उपडाकघर के समस्त कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

हाथ में तिरंगा थामे डाककर्मियों ने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आमजन को अपने-अपने घरों पर आन-बान-शान से राष्ट्रध्वज फहराने और स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने का संदेश दिया।



रैली के दौरान भारत माता की जय और हर घर तिरंगा के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। स्थानीय नागरिकों ने भी डाक विभाग की इस राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत पहल की सराहना की।

# विश्व यादव परिषद ने किया डॉ. रामचंद्र यादव का सम्मान




**चौमूं (हमारा वतन)।** कालाडेरा जयपुर स्थित विश्व यादव परिषद के प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव की अध्यक्षता में प्रतिभा सम्मान समारोह और मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें हाल ही में घिनोई निवासी नई ढाणी डेयरी सचिव डॉ. रामचंद्र यादव जिनको पशु चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर और इंटरनेशनल अवार्ड मिलने पर यादव समाज ने सम्मान किया। जयपुर जिले के यादव समाज के चयनित राजकीय कर्मचारी, NEET, JET, ICAR, PH.D., खेल प्रतिभाऐ या अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली करीबन 500 प्रतिभाओं का समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में चौमूं विधानसभा प्रत्याशी छुट्टन यादव, शाहपुरा विधानसभा प्रत्याशी उपेन यादव, डॉ.रामनारायण यादव, प्रधान रामस्वरूप यादव, भगवान सहाय धासील, सरपंच अशोक यादव, श्रवण यादव, नंदकिशोर यादव सहित विश्व यादव परिषद एवं यादव महासभा के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।




# अपेक्षा व्यास ने जीता ग्लैम ऑफ बॉलीवुड का स्टार फेस टाइटल



**जयपुर (हमारा वतन)।** स्वमित्र भावना कौशल शिक्षा फाउंडेशन जयपुर की ओर से आयोजित ग्लैम आफ बालीवुड सीजन-2 के तहत10 अगस्त तक स्टार फेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 12 युवक-युवतियों ने भाग लिया। आयोजक डॉ.भावना शर्मा ने बताया कि 10 दिन चली वोटिंग में जयपुर की अपेक्षा व्यास स्टार फेस रही। स्टार फेस प्रतियोगिता की वोटिंग में 38426 व्यूअर्स ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और 4577 ने वोटिंग की। अपेक्षा व्यास को सभी सोशल मीडिया पर 1786 वोट मिले। स्टारफेस रनर अप वीरू कंवर रही, उनको 879 वोट मिले। अपेक्षा के व्यूअर्स सर्वाधिक 19.3 हजार रहे। स्टार फेस संचालक भावना और राजवीरसिंह भाटी के अनुसार राजस्थानी परिधान, संस्कृति और कला को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से एसआरके फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले ग्लेम आफ बालीवुड सीजन-2 का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

इस प्रतियोगिता में जो उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद टाइटल नहीं जीत पाए, उनके लिए जनता की वोटिंग के जरिए स्टार फेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जनता ने अपेक्षा और वीरू कंवर को सर्वाधिक वोट दिए।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।